# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

# मासिक आख्या, 2020

**संख्या– मेंमै/तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या** **दिनांक – अक्टूबर, 2020**

**दिनांक 03.10.2020 को समय करीब 12:30 दिन में ग्राम खलाडी में ग्राम नेत्री की तरफ** से आई वनाग्नि की चपेट में आने के कारण श्री बहतर सिंह पुत्र राजपाल सिंह व श्री श्रीपाल सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी ग्राम खलाडी वाले का आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हुआ घटना की सूचना प्राप्त हेते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व उप निरीक्षक, फायर सर्विस को सूचना से अवगत कराया गया। घटना मे किसी प्रकार की जनहानि एंव पशु हानि नही हुयी।





**दिनांक 7.10.2020 को समय लगभग प्रातः 4:00 बजे स्थान मनेरी डैम से लगभग 200 मी0** आगे मोड के पास उत्तरकाशी की ओर से आ रहा वाहन (ट्रक) अचानक अनियन्त्रित होकर लगभग 50 मी0 भगीरथी नदी के किनारे गिर गया जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा 108 को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया जिसमें वाहन चालक ही सवार था जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी।






**दिनांक 09.10.2020 को तहसील मोरी क्षेत्रान्तर्गत ओडाठा मोटर मार्ग के पास एक बोलेरो** वाहन जो स्थान ग्राम थली बुठोत्रा मध्य दलिन नामे तोक में अनियंत्रित होकर लगभग 60 मीटर खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रास्त हुई जिसमें में 02 लोग सवार थे एक की घटना स्थल पर मृत्यु हुयी है तथा 01 सामान्य घायल है जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस और 108 से समन्वय घायल व्यक्ति को 108 के माध्यम से सी0एच0सी0 मोरी भेजा गया।



**दिनांक 13.10.2020 को तहसील मोरी क्षेत्रान्तर्गत साकंरी–नेटवाड मोटर मार्ग पर सांकरी** से नेटवाड जा रही एक अल्टोकार वाहन ग्राम सिदरी व सांकरी के मध्य अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 50 मीटर नीचे खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रास्त हुई है जिसमें 02 लोग सवार थे उक्त वाहन में 01 की घटना स्थल पर मृत्यु हुई 01 गम्भीर घायल को ब्भ्ब् मोरी में डॉ0 द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात हायर देहरादून रैफर किया गया।

**कोविड–19 की रोकथाम हेतु जन– जागरुकता अभियान के अन्नर्गत बैनर व पैस्टर लगाए गए।**









**दिनांक 14.10.2020 को कुटेटी मन्दिर के पास जंगल मे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई** जिससे जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के द्वारा फायर टीम, क्यू0आर0टी0 टीम, वन विभाग, एस0डी0आर0एफ0 को सूचना से अवगत कराया गया और आग पर उक्त टीमो द्वारा काबू पाया गया।





**दिनांक 16.10.2020 को धराली के जंगल में आग लगी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र** द्वारा वन विभाग की टीम, तथा एस0डी0आर0एफ0 टीम भटवाडी को अवगत कराया गया। उक्त टीमो द्वारा आग पर काबू पया गया।







**दिनांक 18.10.2020 को कोविड–19 जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत मुख्य विकास** अधिकारी, उप जिलाधिकारी, भटवाडी एंव आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर एंव कलेक्ट्रेट कॉलोनी में पोस्टर लगाए गये एव कुकिंग गैस सिलिंडर में स्टीकर लगाये गए।










**दिनांक 21.10.2020 को धनारी क्षेत्र ग्राम ढुगांलगांव के जंगल मे आग लगने की सूचना प्राप्त** हेते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग से समन्वय कर आग पर काबू पाया गया वन विभाग के 10 कार्मिक कार्य किया गया।







**दिनांक 25.10.2020 को साल्ड रोड़ बसुंगा के पास जंगलो में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई** उक्त आग को कन्ट्रोल करने हेतु वन विभाग, क्यू0आर0टी0 टीम, फायर सर्विस एंव एस0डी0आर0एफ0 द्वारा आग पर काबू पाया गया।






(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन
अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>**प्रतिलिपिः–**</u> निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।